आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 17.03.2026 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में आयोजित राजस्थान युवा शक्ति दिवस कार्यक्रम में 485 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।
- केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों को पत्र लिखकर लम्बित पीएनजी पाइपलाइन प्रोजेक्ट्स को जल्द पूरा करने को कहा।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने देश को आत्मनिर्भर बनाने में विश्वविद्यालयों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।
- प्रदेश में कल से नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना–कई क्षेत्रों में आंधी के साथ हल्की बारिश के आसार–कहीं–कहीं ओलावृष्टि की संभावना।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आज जयपुर में राजस्थान दिवस समारोह की कड़ी में आयोजित 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने ये बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिक्षा, कौशल विकास और खेल क्षेत्र से जुड़ी 485 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। अपने संबोधन में श्री शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने आगामी 5 वर्षों में सरकारी क्षेत्र में 4 लाख और निजी क्षेत्र में 6 लाख नौकरियां देने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि अब तक सवा लाख से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राजस्थान की स्थापना भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हुई थी, इसीलिए इस वर्ष 19 मार्च को भव्य स्तर पर राजस्थान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जल और बिजली की आपूर्ति के लिए ईआरसीपी और अन्य बड़ी योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। युवाओं से स्वरोजगार और उद्यम के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरी तरह उनके साथ है।

..................

राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आज विभिन्न जिलों में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये गये।

000

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री गोयल ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक संबंध मजबूत करने के लिए विश्व भर में उत्साह बढ़ रहा है।

..............................

श्री गोयल ने कहा कि जब मुक्त व्यापार समझौते लागू हो जाएंगे, तो भारतीय निर्यातकों के लिए व्यापक अवसर सृजित होंगे।

000

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि देशभर में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। आज नई दिल्ली में प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि सरकार वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं को पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी की ओर स्थानांतरित होने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर पाइपलाइन बिछाने के लिए लंबित अनुमतियों को तत्काल मंजूरी देने का आग्रह किया है। इसके साथ ही नए आवेदनों को 24 घंटे के भीतर स्वीकृत करने का भी अनुरोध किया गया है ताकि ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

000

भारतीय पोत नंदा देवी लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। यह पोत कतर से रवाना हुआ था और होर्मुज जल–डमरू–मध्य होते हुए भारत पहुंचा। कल एक और एलपीजी वाहक पोत मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा था। दोनों खेपों से देश के गैस भंडार में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि गैस आपूर्ति में फिलहाल कोई कमी नहीं है।

000

सरकार ने पारदर्शिता, जवाबदेही और किसानों को समय पर दावों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में संशोधन किया है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्री, शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पहले किसानों को भुगतान प्राप्त करने के लिए कई महीनों तक इंतजार करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब यदि बीमा कंपनियां 21 दिनों के भीतर दावों का निपटान करने में विफल रहती हैं, तो उन्हें भी कृषि संबंधी दावों पर 12 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करना होगा। श्री चौहान ने कहा यदि राज्य सरकारें भी दावा प्रक्रिया में देरी करती हैं, तो उन्हें किसानों को 12 प्रतिशत ब्याज देना होगा। उन्होंने कहा कि किसान, दावा निपटान से संबंधित अपनी शिकायतों के लिए कृषि रक्षक पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। श्री चौहान ने एकीकृत खेती और छोटे किसानों के लाभ के बारे में भी बताया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि देश को आत्मनिर्भर बनाने में विश्वविद्यालयों का योगदान जरूरी है। आज उदयपुर में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज की 'वेस्ट जोन वाइस चांसलर मीट' को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। श्री बागडे ने कहा कि नई शिक्षा नीति के जरिए पुरानी ज्ञान परंपरा को फिर से स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने शोध और नवाचार पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों को विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर अपनी योजनाएं बनानी चाहिए। कार्यक्रम में राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार और प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार डॉ. गौरव वल्लभ भी उपस्थित थे।

000

अजमेर रेल मंडल सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दे रहा है। मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने बताया कि मंडल पर अब तक कुल 4 हजार 476 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। सौर ऊर्जा के उपयोग से अजमेर मंडल को वित्तीय वर्ष 2024–25 में लगभग 80 लाख रुपये की बिजली की बचत हुई है। मंडल पर ढाई मेगावाट अतिरिक्त क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का काम किया जा रहा है। इस परियोजना के पूरा होने से मंडल की सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ बिजली खर्च में और कमी आएगी। भारतीय रेलवे के नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है।

000

एसओजी ने वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा–2022 में धोखाधड़ी के मामले में एक चयनित अभ्यर्थी और एक डमी परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि अभ्यर्थी ने डमी परीक्षार्थियों के माध्यम से परीक्षा उत्तीर्ण कर विज्ञान विषय के शिक्षक पद पर चयन प्राप्त किया था। वह पिछले दो वर्षों से फरार था और उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित था। वहीं डमी परीक्षार्थी पर दस हजार रुपये का इनाम था। इसने अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दी थी।

000

प्रदेश में कल से एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से जोधपुर और बीकानेर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं बादल गरजने और आंधी के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 19 और 20 मार्च को कहीं–कहीं ओलावृष्टि की भी आशंका है।

................

विभाग के अनुसार 21 मार्च से मौसम मुख्यतः शुष्क रहेगा। इस बीच, पिछले 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में गिरावट आई है। दिन का तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक कम हुआ है। पश्चिमी इलाकों में पिछले दिनों 40 डिग्री से ऊपर पहुंचा तापमान अब 34 से 38 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

000